**प्रेस नोट**

**दिनांक 25.01.2025**

राष्ट्रीय मतदाता दिवस (25 जनवरी)-

पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर क्वार्टर गार्द में उपस्थित सभी अधि0/कर्मचारियों को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण निर्वाचन में मताधिकार प्रयोग करने की दिलाई गयी शपथ-

आज दिनांक 25.01.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन के क्वार्टर गार्द में उपस्थित सभी अधि0/कर्मचारियों को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण निर्वाचन में मताधिकार प्रयोग करने की शपथ दिलाई गयी तथा अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत द्वारा पुलिस कार्यालय के अधीनस्थ अधिकारी/कर्मचारियों को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण निर्वाचन में मताधिकार का प्रयोग करने/कराने की शपथ दिलायी गयी साथ ही महोदय के निर्देशानुसार जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी कार्यालयों, थानों, चौकियों व अग्निशमन, यातायात कार्यालयों के प्रभारियों द्वारा अपने-अपने अधीनस्थ अधिकारी/कर्मचारियों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई गई।

**राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ**

हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

मीडिया सेल, गोण्डा।

हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जातिए समुदायए भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचन में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

**प्रेस नोट**
**दिनांक 25.01.2025**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना को0 नगर में की गयी जनसुनवाई, जनता की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को दिए गए आवश्यक दिशा–निर्देशः–**

**राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर उपस्थित सभी लोगो को बैज लगाकर मतदान करने हेतु किया गया जागरूक–**

गोण्डा। आज दिनांक 25.01.2025 को थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा को0 नगर में जनसुनवाई की गयी। महोदय द्वारा जनता की जनसमस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवक्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत–प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना को0 नगर में जनसुनवाई के दौरान 04 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए है। प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस के तहत उपस्थित जनता को मतदाता जागरूकता बैज लगाकर मतदान करने हेतु जागरूक किया गया तथा सभी को धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा या किसी भी प्रकार के प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु बताया गया। इसी प्रकार अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत व क्षेत्राधिकारी नगर श्री आनन्द कुमार राय द्वारा थाना को0 देहात में व समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों द्वारा अपने अपने थानों पर समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया गया।

**इस दौरान राजस्व एवं पुलिस के अधि0/कर्मचारीगण उपस्थित रहे ।**

**मीडिया सेल, गोण्डा**

**प्रेसनोट**
**दिनांक 25.01.2025**

## थाना कौड़िया पुलिस द्वारा चोरी करने के वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, चोरी का माल बरामद–

**कार्यवाहीः–**
श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय के के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज श्री सौरभ कुमार वर्मा के नेतृत्व में थाना कौड़िया पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0–16/25, धारा 331(4),305(5),317(2) भादवि से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त मंशाराम पुत्र रमेश्वर नि0 कोरियन पुरवा मौजा पकड़ीमारूडीह थाना कौड़िया जनपद गोण्डा को बहद ग्राम कोरियनपुरवा से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 05 बोरी धान, 01 जोड़ी पायल, 01 आधार कार्ड व 1,000/– बरामद किया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरणः–**
आवेदिका ज्ञानमती पत्नी स्व0 गयाप्रसाद नि0 ग्राम कोरियन पकड़ी मौजा पकड़ी मारूडीह थाना कौड़िया जनपद गोण्डा की तहरीर पर थाना कौड़िया में दिनांक 24.01.2025 को चोरी का अभियोग सुसंगत धाराओं में पंजीकृत हुआ था। जिसकी विवेचना उ0नि0 अमरजीत सोनकर द्वारा की जा रही थी। विवेचना के दौरान दोषी पाए गए आरोपी अभियुक्त मंशाराम को बहद ग्राम कोरियनपुरवा से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 05 बोरी धान, 01 जोड़ी पायल, 01 आधार कार्ड व 1,000/– बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कौड़िया पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त–**
01. मंशाराम पुत्र रमेश्वर नि0 कोरियन पुरवा मौजा पकड़ीमारूडीह थाना कौड़िया जनपद गोण्डा।

**पंजीकृत अभियोग–**
01. मु0अ0सं0–16/25, धारा 331(4),305(5),317(2) बीएनएस थाना कौड़िया जनपद गोण्डा।

**बरामदगी–**
01. 05 बोरी धान।
02. 01 जोड़ी पायल।
03. 01 आधार कार्ड।
04. 1,000/– रू0 नगद।

**गिरफ्तार कर्ता टीम–**
01. उ0नि0 अमरजीत सोनकर।
02. का0 सत्येन्द्र कुमार।
03. का0 संदीप सिंह।
04. का0 गुलाब सिंह।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 25.01.2025**

**थाना को0 देहात पुलिस द्वारा अवैध तमंचे के साथ 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार–**

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में थाना को0 देहात पुलिस द्वारा अभियुक्त अभिषेक मिश्रा पुत्र मनोज कुमार मिश्रा नि0 ग्राम इमलिया मिश्रा थाना को0 देहात जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस, 01 अदद मोबाइल फोन व 01 अदद स्कूटी यू0पी043बी0ए0 9473 बरामद किया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण–**

दिनांक 24.01.2025 की रात्रि थाना को0 देहात के उ0नि0 पवन कुमार गिरि मय हमराह फोर्स के साथ शांति व्यवस्था ड्यूटी हेतु क्षेत्र में रवाना थे कि पाण्डेयपुरवा मोड़ बहद ग्राम रामनगर तरहर के पास एक व्यक्ति संदिग्ध दिखने पर रोकटोक कर चेक किया गया तो अभियुक्त अभिषेक मिश्रा पुत्र मनोज कुमार मिश्रा नि0 ग्राम इमलिया मिश्रा थाना को0 देहात जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस, 01 अदद मोबाइल फोन व 01 अदद स्कूटी यू0पी043बी0ए0 9473 बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0 देहात पुलिस द्वारा गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त–**

01. अभिषेक मिश्रा पुत्र मनोज कुमार मिश्रा नि0 ग्राम इमलिया मिश्रा थाना को0 देहात जनपद गोण्डा।

**बरामदगी–**

01. 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस।
02. 01 अदद मोबाइल फोन।
03. जब्तशुदा वाहन स्कूटी नं0–यू0पी043बी0ए0 9473

**पंजीकृत अभियोग–**

01- मु0अ0स0–21/2025, धारा 3/25 आर्म्स ऐक्ट थाना को0 देहात जनपद गोण्डा।

**गिरफ्तार कर्ता टीम–**

01. उ0नि0 पवन कुमार गिरि।
02. हे0का0 रवि प्रकाश यादव।
03. का0 संदीप प्रजापति।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**<u>प्रेस नोट</u>**
**<u>दिनांक 25.01.2025</u>**

**<u>पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित अधिकारियों को दिए गए आवश्यक दिशा–निर्देश–</u>**

गोण्डा। आज दिनांक 25.01.2025 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा गणतंत्र दिवस के दृष्टिगत क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था का जायजा लिया गया। महोदय द्वारा संदिग्ध दिखने वाले व्यक्तियों को रोक–टोक कर चेक करवाया गया तथा आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। महोदय द्वारा बताया गया कि गणतंत्र दिवस के मद्देनजर जनपद में सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। डॉग स्क्वायड व जनपदीय पुलिस की टीम द्वारा रेलवें स्टेशन, बस स्टैंड, होटलों, बाजारों सहित प्रमुख चौराहों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर लोगों और उनके सामानों की जांच की जा रही है। संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस द्वारा ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है। सभी प्र0नि0/थानाध्यक्षों को अपने–अपने क्षेत्रों में पड़ने वाले धार्मिक स्थलों, संवेदनशील इलाकों और प्रमुख चौराहों पर पुलिस गश्त को और अधिक प्रभावी करने के निर्देश दिए गए है। स्थानीय अभिसूचना इकाई एवं अन्य अभिसूचना तंत्रों द्वारा सक्रिय रहकर कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाली सूचनाओं की जानकारी की जा रही है तथा पुलिस सोशल मीडिया सेल द्वारा विभिन्न प्लेटफार्मो फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिवटर एवं व्हाट्सएप आदि पर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। आपराधिक किस्म के व्यक्तियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है तथा आवश्यकतानुसार निरोधात्मक/विधिक कार्यवाही की जा रही है। साम्प्रदायिक/हॉटस्पाट्स क्षेत्रों पर पुलिस पिकेट को आवश्यकतानुसार तैनाती की गयी है। पुलिस द्वारा जनपदीय सीमा पर बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं एवं वाहनों की चेकिंग की जा रही है। शांतिव्यवस्था भंग करने वालों के विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

**<u>मीडिया सेल,गोण्डा।</u>**